हरिभूमि

# रेवाड़ी भूमि

रोहतक, शुक्रवार, 26 सितंबर 2025

तापमान

अधिकतम 37 .5 डिग्री
न्यूनतम 19 .8 डिग्री

13 हरियाणा की बेटी व महिला स्वास्थ्य व शिक्षा सहित हर क्षेत्र में अग्रणी: रामचंद्र



14 एनएचएआई का सर्विस रोड बदहाल, बनीपुर चौक पर हुई मीटिंग, एमएलए का जल्द समाधान का भरोसा



## खबर संक्षेप

### मारपीट मामले में एक आरोपी गिरफ्तार

**जाटूसाना।** बालधन कलां में मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने के मामले में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। अस्पताल में उपचाराधीन घायल के बयान पर पुलिस ने 22 सितंबर को विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया था। इस मामले में पुलिस ने जांच के बाद बालधन कलां निवासी राजपाल को गिरफ्तार कर लिया। उसके कब्जे से हमले में प्रयुक्त एक लोहे की नोजल बरामद की गई है। बाद में आरोपी को पुलिस बेल पर रिहा कर दिया गया।

### सड़क हादसे के आरोपी गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** थाना सदर पुलिस ने सड़क हादसे के बाद फरार वाहन चालक को गिरफ्तार किया है। थाना क्षेत्र में हुए हादसे के बाद पुलिस ने 22 सितंबर को वाहन चालक के खिलाफ केस दर्ज किया था। इस हादसे में एक व्यक्ति घायल हो गया था। पुलिस ने मामले की जांच के बाद फिदेड़ी निवासी साहिल को गिरफ्तार कर लिया। हादसे को अंजाम देने वाली बाइक को भी पुलिस ने कब्जे में ले लिया। बाद में आरोपी को पुलिस बेल पर रिहा कर दिया गया।

### कोर्ट से घोषित पीओ किया गिरफ्तार

**बावल।** पुलिस ने कोर्ट से घोषित किए गए पीओ को गिरफ्तार किया है। कोर्ट ने वर्ष 2019 में दर्ज एक मामले में संगवाड़ी निवासी प्रीतम उर्फ हकला को पीओ घोषित किया था। इसके बाद पुलिस को उसके खिलाफ केस दर्ज करने के आदेश जारी किए थे। पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर 27 अगस्त को प्रीतम के खिलाफ अदालत के आदेशों की अवमानना का केस दर्ज किया था। आरोपी को गिरफ्तार करने के बाद पुलिस ने उसे कोर्ट में पेश कर दिया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

### दहेज प्रताड़ना के मामले में गिरफ्तार

**जाटूसाना।** पुलिस ने दहेज के लिए प्रताड़ित करने और जान से मारने की धमकी देने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने गत वर्ष एक विवाहिता की शिकायत के बाद दोनों पक्षों के बीच समझौता कराने के प्रयास किए थे। उनमें आपसी सहमति नहीं बनने के बाद पुलिस 21 जून को आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया था। इस मामले में पुलिस ने राजस्थान के पंचारी निवासी अवधेश को गिरफ्तार कर लिया। बाद में आरोपी को पुलिस बेल पर रिहा कर दिया गया।

### हत्या के आरोपी को भेजा गया जेल

**बावल।** थाना कसोला पुलिस ने हत्या के आरोपी को कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया। बखापुर निवासी बुजुर्ग रोशनलाल की हत्या के आरोप में पुलिस ने गांव के ही रवि को गिरफ्तार किया था। रवि पर रोशनलाल की रंजिश के चलते हत्या करने का आरोप है। पुलिस ने उसे पहले एक दिन के रिमांड पर लिया था। रिमांड की अवधि पूरी होने के बाद उसे कोर्ट में पेश किया गया, जहां उसे उसे न्यायिक हिरासत के तहत जेल भेजने के आदेश हुए। उसे एस्कोर्ट गार्द को सौंप दिया गया।

### वीर सैनिकों के सम्मान में रक्तदान शिविर 28 को

**रेवाड़ी।** मोती चौक व्यापार संगठन व डेंटल एसोसिएशन के संयुक्त तत्वावधान में 28 सितंबर को सुबह 9 बजे रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। व्यापार संगठन के प्रधान पुरुषोत्तम दास व डेंटल एसोसिएशन के प्रधान डा. वसंत ने बताया कि अन्नपूर्णा डेंटल क्लिनिक में वीर सैनिकों के सम्मान में होने वाले रक्तदान शिविर में विधायक लक्ष्मण सिंह , डीसी अभिषेक मीणा व सीएमओ डा. नरेंद्र शिरकत करेंगे। संस्था के मीडिया प्रभारी दिनेश ने बताया कि रक्तदान के लिए दिल्ली कैंट से सेना के अनुभवी डॉक्टरों की टीम आ रही है।

---

*महाराजा अग्रसेन चौक से भाड़ावास गेट तक हो चुकी खुदाई, ब्रास मार्केट की सड़क एक महीने में ही निकलने लगी रोड़ियां*

# अग्रसेन चौक से मेन बाजार तक सीसी रोड बनाने का कार्य शुरू, दिसंबर तक पूरा करने का लक्ष्य

**शहरवासी व दुकानदार बाजार की जर्जर सड़कों से काफी परेशान**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

नगर परिषद की ओर से बाजार के सीसी रोड के कार्य को दिसंबर तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है, लेकिन सड़क निर्माण कार्य काफी धीमा चल रहा है।

लंबे समय के बाद शहर के बाजार की सड़कों का नव निर्माण शुरू हो गया है। गत 27 अगस्त को सीसी रोड के निर्माण कार्य का उद्घाटन होने के बाद सड़की की खुदाई का कार्य शुरू किया गया था। सड़क बनाने वाले ठेकेदार की ओर से अग्रसेन चौक से भाड़ावास गेट तक की सड़क की खुदाई कराने के बाद वीरवार से सीसी रोड बनाने का कार्य शुरू कर दिया है। शहरवासी व दुकानदार बाजार की जर्जर सड़कों से काफी परेशान थे। बाजार की सड़कों पर जगह-जगह गड्ढे होने के कारण लोगों को परेशानी उठानी पड़ रही थी। मुख्य बाजार की सड़कों के लिए पिछले दिनों 4.32 करोड़ रुपये की स्वीकृति मिली थी। नगर परिषद की ओर से अग्रसेन चौक से मोती चौक व गोकल गेट होते हुए झज्जर चौक तक सीसी रोड बनाया जाएगा। इसी योजना में पुरानी सब्जी मंडी से बारा हजारी तक का भी सीसी रोड का निर्माण होगा तथा गोकल गेट से रेलवे चौक तक सीसी रोड बनाया जाएगा।



अग्रसेन चौक से भाड़ावास गेट के बीच शुरू हुआ सड़क निर्माण कार्य

**बाजार की सड़कों पर जगह-जगह गड्ढे होने के कारण लोगों को परेशानी उठानी पड़ रही थी**

**नगर परिषद की ओर से अग्रसेन चौक से मोती चौक व गोकल गेट होते हुए झज्जर चौक तक सीसी रोड बनाया जाएगा**

### 2.62 करोड़ रुपये की लागत से होगा विकासकार्य

शहर के ब्रास मार्केट में सीएम घोषणा के अनुसार 2.62 करोड़ रुपये की लागत से सीसी रोड, सीवर व पार्क का कार्य शुरू किया गया था। व्यापारियों और पार्षदों की मांग पर सरकार ने मार्केट में सीसी रोड के लिए मंजूरी दी। सीसी रोड बनाने का कार्य मार्च के अंत में शुरू किया गया था। मार्केट की अंदर की सड़कें बनाने के बाद लास्ट में ब्रह्मगढ़ के सामने की सड़क को बनाया गया, लेकिन इस सड़क की एक महीने में ही रोड़ियां दिखने लगी है। ब्रास मार्केट अंदर बनाई गई सड़क भी जगह-जगह से क्षतिग्रस्त हालत में है। पिछले दिनों विजिलेंस की टीम की ओर से मॉडल टाउन, सेक्टर-3 व वार्ड नंबर-2 की नई सड़कों के सेंपल भी लिए गए थे, लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है। इसके अलावा ब्रास मार्केट के तिकोना पार्क का कार्य भी लंबे समय से अधूरा पड़ा हुआ है। पार्क की बनाई गई चारदीवारी जर्जर हालत में आती जा रही है।



ब्रास मार्केट की नई सड़क पर दिखने लगी रोड़ियां

### पैचवर्क में ढकी जा रही खामियां



ब्रास मार्केट की नई सड़क में सीवर का छोड़ा गया गड्ढा।

शहर की ज्यादातर नई बनी सड़कों से सीमेंट की परत गायब होने लगी है। वर्तमान में ठेकेदार की ओर से नई सड़क की खामियों को पैचवर्क से छिपाया जा रहा है, लेकिन पैचवर्क में भी गुणवत्ता की कमी नजर आ रही है। पैचवर्क भी नई सड़कों पर ज्यादा दिन नहीं टिक पा रहा है। नगर परिषद के अधिकारियों की ओर से न तो सड़कों की ठीक से मरम्मत कराई जा रही है और न ही नई सड़कों की गुणवत्ता पर ध्यान दिया जा रहा है। प्रशासन की ओर से सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में विभागों को बार-बार आदेश दिए जा रहे है, लेकिन इन आदेशों पर अमल न के बराबर हो रहा है।

---

*डीटीपी की इस कार्रवाई से अवैध रूप से निर्माण करने व कॉलोनियां काटने वाले लोगों में खलबली मची*

# डीटीपी ने कढ़ू में 4 एकड़ की अवैध कॉलोनी को किया जमींदोज

**पुलिसबल की मौजूदगी के कारण डीटीपी की कार्रवाई का विरोध नहीं हुआ**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

डीटीपी की टीम ने वीरवार को शहर की राजस्व सीमा में अवैध रूप से विकसित हो रही लगभग 4 एकड़ की अवैध कॉलोनी में तोड़फोड़ की कार्रवाई की। डीटीपी की इस कार्रवाई से अवैध रूप से निर्माण करने व कॉलोनियां काटने वाले लोगों में खलबली मच गई। वीरवार को डीटीपी की टीम जेसीबी मशीन और पुलिस बल के साथ रेवाड़ी-मामड़िया रोड पर पहुंची। जहां डीटीपी की टीम ने गांव कढ़ू की राजस्व सीमा में 4 एकड़ में विकसित हो रही अवैध कॉलोनी में 10 डीपीसी, 5 चारदीवारी व कच्चे रोड नेटवर्क को जमींदोज किया। भारी पुलिसबल की मौजूदगी के कारण डीटीपी की कार्रवाई का विरोध नहीं हुआ।



रेवाड़ी। अवैध निर्माण तोड़ती डीटीपी की जेसीबी। फोटो :हरिभूमि

### अवैध कॉलोनियों में प्लॉट खरीदने से बचें

डीटीपी मंदीप सिहाग ने कहा कि आमजन प्रॉपर्टी डीलरों के झांसे में आकर अवैध कॉलोनियों में प्लॉट खरीदने से बचें। अनियमित कॉलोनियों में प्लॉट खरीकर मकान बनाने वाले लोगों को तोड़फोड़ के बाद दोहरे नुकसान का सामना करना पड़ता है। लोगों को प्लॉट खरीदने से पहले विभागीय कार्यालय से यह पता करना चाहिए कि जहां वह प्लॉट खरीद रहे हैं, वह कॉलोनी रेगुलर है या नहीं। बिना अनुमति किए जाने वाले निर्माण किसी भी सूरत में छोड़े नहीं जाएंगे।

---

## कोसली में केनरा बैंक की नई शाखा का उद्घाटन



रेवाड़ी। केनरा बैंक की नई शाखा का उद्घाटन करते एसडीएम विजय कुमार यादव। फोटो :हरिभूमि

**कोसली।** कोसली में केनरा बैंक की ओर से वीरवार को नई शाखा का शुभारंभ किया गया। नाहड़ रोड़ पर शुरू की गई शाखा का उद्घाटन एसडीएम विजय कुमार यादव ने किया। इस अवसर पर बैंक के उपमहाप्रबंधक रामबाबू अंचल एवं उपमहाप्रबंधक चन्द्र सिंह तोमर भी मौजूद थे। एसडीएम ने कोसली में शाखा खोलने के लिए बैंक अधिकारियों की सराहना की और कहा कि इससे आमजन को अपने नजदीक बैंकिंग सेवाओं का लाभ मिल सकेगा। बैंक के अधिकारियों ने मौजूद लोगों को बैंक की ऋण व बचत योजनाओं व अन्य उत्पादों की जानकारी दी और कहा कि बैंक का प्रयास रहेगा कि ग्राहकों को बेहतरीन सुविधाएं प्रदान कर सकें। इस अवसर पर शाखा प्रबंधक प्रदीप यादव, केनरा बैंक के अन्य अधिकारी व पूर्व उपजिला प्रमुख जगफूल यादव, विनोद कुमार, सरपंच भाकली श्याम यादव व पूर्व जिला पार्षद मुकेश जाहिदपुर उपस्थित थे।

---

# आनलाइन टास्क के नाम पर 4.89 लाख की ठगी

**साइबर थाना पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

मई माह में ऑनलाइन टास्क के नाम पर लगभग 4.89 लाख रुपये की ठगी करने के मामले में साइबर थाना पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपियों को कोर्ट में पेश करने के बाद न्यायिक हिरासत के तहत जेल भेज दिया गया। गत 24 मई को साइबर थाना पुलिस को दर्ज शिकायत में मूल रूप से भिवानी निवासी मनीष कुमार ने बताया था कि वह एक बैंक में कर्मचारी है। वह आनंद नगर में किराए के मकान में रहता है। उसे 19 मई को एक व्हाट्स एप गुरप से जोड़ा गया था। गुरप से जोड़ने वाले व्यक्ति ने इसके बाद उसे एक टेलीग्राम ग्रुप से भी जोड़ दिया। उसे गूगल मैप पर जाकर रेटिंग करने का टास्क दिया गया। उसके बाद मिंट नाम की एक वेबसाइट पर उससे लॉगइन कराया गया। उससे यूपीआई के जरिए 2 हजार रुपये की पेमेंट कराई गई, जिसके बदले मिंट पोर्टल पर उसके 2800 रुपये अपडेट किए गए। उसने यह राशि निकाल ली।

इसके बाद उसे विजय कुमार के नाम से एक बैंक खाते में 30 हजार रुपये डलवाए। मोटा पैसा कमाने का लालच देकर कई ट्रांजेक्शन के जरिए 489250 रुपये विभिन्न खातों में ट्रांसफर करा लिए गए। जब उसने पैसा निकालने का प्रयास किया, तो उससे और पैसा जमा कराने के लिए कहा गया। उसे ठगी का अहसास हुआ। साइबर थाना पुलिस ने उसकी शिकायत पर केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू की थी। इस मामले में पुलिस ने राजस्थान के जिला ब्यावर के गणेश चौक आगेवा निवासी देवेंद्र और ब्यावर के रानीसर दरवाजा कुशालपुरा निवासी मनीष कुमावत को गिरफ्तार कर लिया।

### मनीष के खाते में ट्रांसफर हुए एक लाख

*पुलिस जांच में यह बात सामने आई थी कि जिन खातों में ठगी की रकम ट्रांसफर हुई थी, उसमें से एक लाख रुपये मनीष कुमावत के बैंक खाते में गए थे। यह बैंक खाता ठगों को मुहैया कराने में देवेंद्र ने मध्यस्थ की भूमिका निभाई थी। पुलिस ने दोनों आरोपियों को कोर्ट में पेश किया, जहां से उन्हें जेल भेजने के आदेश जारी हुए। पुलिस मामले के अन्य आरोपियों की तलाश कर रही है।*



देवेन्द्र, मनीष कुमावत।

---

*दो आरोपियों को पहले गिरफ्तार किया जा चुका*

# कंपनी में निवेश के नाम पर ठगी मामले का तीसरा आरोपी काबू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

साइबर थाना पुलिस ने कंपनी में निवेश के नाम पर लाखों रुपये की ठगी करने के मामले में तीसरे आरोपी को गिरफ्तार किया है। इस मामले में दो आरोपियों को पहले गिरफ्तार किया जा चुका है। गत 3 जुलाई को सेक्टर-3 निवासी विजय कुमार गुप्ता ने अपनी शिकायत में बताया था कि वह एक प्राइवेट कंपनी में जॉब करता है। सोशल मीडिया पर पैसा निवेश करने का विज्ञापन देखने के बाद गत 15 मई को उसे एक व्हाट्सएप नंबर मिला था। उसका व्हाट्स पर एक महिला से संवाद होना शुरू हो गया। महिला ने अपना नाम मिस सरोज गुप्ता बताते हुए खुद को एसबीआई सिक्योरिटी लि. की इन्वेस्टमेंट एडवाइजर बताया था। इन्वेस्टमेंट के लाभ के बारे में जानकारी देने के बाद महिला ने उसके पास एक लिंक भेजा था। उसे बल्क ट्रेडिंग और लॉगिन करने के बारे में बताया गया था। पहली बार पैसा इन्वेस्ट करने पर उसके खाते में अच्छा प्रॉफिट भी दशार्या गया। इसके बाद उसने अपनी पत्नी सुनीता गुप्ता के बैंक खाते से 18 ट्रांजेक्शन के जरिए विभिन्न खाता नंबरों पर कुल 9320870 रुपये ट्रांसफर कर दिए। बाद में जब उसने पैसा रिफंड कराने का प्रयास किया, तो उससे और पैसा जमा कराने के लिए कहा गया। इसके बाद उसे ठगी का पता चला।




### आरोपी के खाते में गए थे 29.25 लाख

इस मामले में पुलिस ने एक और आरोपी बिहार के जिला गोपालगंज के गांव कोटवा खास हाल आबाद यूपी के जिला लखनऊ के राजीव नगर निवासी ओमप्रकाश प्रसाद को भी गिरफ्तार कर लिया। आरोपी ओमप्रकाश प्रसाद के बैंक खाते में ठगी की 29 लाख 25 हजार रुपये की राशी ट्रांसफर हुई थी। पुलिस ने आरोपी को पेश अदालत करके पूछताछ के लिए एक दिन के पुलिस रिमांड पर लिया है। पुलिस मामले के अन्य आरोपियों की तलाश कर रही है।

---

*अगले सप्ताह मौसम में बदलाव की संभावना, अक्टूबर के शुरू में हो सकती है बारिश*

# तापमान बढ़ने से दिन में गर्मी बरकरार, रात को मौसम सुहाना

**मौसम विभाग के अनुसार पश्चिमी विक्षोभ एक बार फिर सक्रिय हो रहा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

आसमान साफ होने के कारण दिन के समय गर्मी का असर कम नहीं हुआ है। पारा गिरने से रात के समय भारी गर्मी से काफी राहत मिलने लगी है। मौसम का मिजाज ठंडा होना शुरू हो गया है। माह के अंत में मौसम एक बार फिर करवट ले सकता है। अक्टूबर के शुरूआत में ही आसमान में बादलों के बीच बारिश की संभावना जताई जा रही है। वीरवार को सुबह से ही आसमान साफ बना रहा। चिलचिलाती धूप के कारण दोपहर बाद तक पसीने छुड़ाने वाली गर्मी का प्रकोप बना रहा। अधिकतम तापमान 0.3 डिग्री बढ़कर 37.5 पर पहुंच गया। न्यूनतम तापमान 0.8 डिग्री की कमी के साथ 19.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। 11 किलोमीटर प्रति घंटा की गति से हवाएं चलीं, जबकि नमी का स्तर 53 प्रतिशत तक रहा। हवा में नमी कम होने के कारण उमस का प्रभाव भी कम हो गया है। सितंबर माह के अंत में दिन के समय गर्मी परेशान कर रही है, जबकि रात को मौसम ठंडा होना शुरू हो गया है। रात को अब कूलरों की भी आवश्यकता नहीं होती।



रेवाड़ी। जुलाई के बाद एक खेत में चलते हुए फव्वारे। फोटो :हरिभूमि

### सरसों की बिजाई पर जोर दे रहे किसान

किसानों ने बाजरा निकालने का कार्य 80 फीसदी तक पूरा कर लिया है। इस बार भारी बारिश के कारण कपास की फसल बुरी तरह खराब हो चुकी है। जो फसल बची है, उसे मंडियों तक पहुंचाया जा रहा है। अब किसान सरसों की बिजाई का कार्य शुरू किए हुए हैं। जमीन को तैयार किया जा रहा है। अगर इस समय बरसात होती है, तो उससे सरसों की बिजाई के समय जमीन सिंचाई की जरूरत नहीं पड़ेगी। जिन किसानों ने बिजाई करना शुरू कर दिया है, उन्हें बारिश की स्थिति में नुकसान जरूर उठाना पड़ सकता है।

### हल्की से मध्यम बारिश का अनुमान लगाया जा रहा

मौसम विभाग के अनुसार पश्चिमी विक्षोभ एक बार फिर सक्रिय हो रहा है। इससे 30 सितंबर से मौसम में बदलाव आ सकता है। आसमान में बादलों के बीच हल्की से मध्यम बारिश का अनुमान लगाया जा रहा है। अक्टूबर के शुरूआती दिनों में भी बारिश हो सकती है। आने वाले दिनों में रात के तापमान में और कमी दर्ज की जाएगी, जिससे गर्मी का असर कम हो जाएगा।

---

### कोसली में आबकारी एवं कराधान विभाग का जागरूकता कैंप आज

कोसली। शुक्रवार को कोसली की लाला रामरतन धर्मशाला में आबकारी एवं कराधान विभाग की ओर से जागरूकता शिविर का आयोजन किया जाएगा, जिसमें विधायक अनिल यादव, डीईटीसी प्रीति चौधरी व एसडीएम विजय कुमार यादव व्यापारियों को जानकारी देंगे। ईटीओ परमजीत सिंह ने बताया कि हरियाणा सरकार के निर्देश अनुसार जीएसटी की नई दरों को लेकर आमजन व व्यापारियों को आबकारी एवं कराधान विभाग की ओर से जागरूक किया जा रहा है। 26 सितंबर को दोपहर 1:30 बजे धर्मशाला में कोसली मंडी व्यापार मंडल के सहयोग से एक कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम में दुकानदारों तथा उपभोक्ताओं को जीएसटी की नई दरों के बारे में विस्तार से बताया जाएगा।

## दीन दयाल लाडो लक्ष्मी योजना एप का हुआ शुभारंभ

# हरियाणा की बेटी और महिला स्वास्थ्य शिक्षा सहित हर क्षेत्र में अग्रणीः रामचंद्र

### बाल भवन में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में रास सांसद रामचंद्र जांगड़ा ने की शिरकत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

राज्यसभा सांसद रामचंद्र जांगड़ा ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारतीय संस्कृति में माताओं को दिए सम्मान के फलीभूत होकर महिला सशक्तिकरण पर पूरा ध्यान दिया है। नारी शक्ति को महत्व देते हुए केंद्र व प्रदेश सरकार नारी हितों को सर्वोपरि रखते हुए आगे बढ़ रही है। राज्यसभा सांसद वीरवार को बाल भवन में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में दीन दयाल लाडो लक्ष्मी योजना के एप लांच शुभारंभ अवसर पर संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम का शुभारंभ प. दीन दयाल उपाध्याय की जयंती पर उनके चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया।



रेवाड़ी। गुरुवार को दीन दयाल लाडो लक्ष्मी योजना के शुभारंभ अवसर पर संबोधित करते हुए राज्यसभा सांसद रामचंद्र जांगड़ा। *फोटो : हरिभूमि*

### प्रतिमाह 2100 की वित्तीय सहायता मिलेगी

विधायक लक्ष्मण सिंह यादव व परिवार पहचान पत्र के स्टेट कॉर्डिनेटर सतीश खोला कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि थे। कार्यक्रम में डीसी अभिषेक मीणा, एडीसी राहुल मोदी, मार्केट कमेटी के वाइस चेयरमैन दीपक मंगला, जिला बाल कल्याण अधिकारी वीरेंद्र यादव व बिजेन्द्र डहीना सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे। जिला समाज कल्याण अधिकारी रेणु बाला ने अतिथियों को विभाग की गतिविधियों से अवगत कराया। सांसद रामचंद्र जांगड़ा ने कहा कि हरियाणा सरकार महिलाओं के उत्थान को लेकर कृतसंकल्प है। विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से महिलाओं को सीधे तौर पर लाभान्वित करते हुए उनका मान सम्मान किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि लाडो लक्ष्मी योजना से मातृ शक्ति को आर्थिक लाभ देने का काम किया जा रहा है। आज हरियाणा की बेटी व महिला स्वास्थ्य, शिक्षा सहित हर क्षेत्र में अग्रणी है और उनके हितों को ध्यान रखते हुए उनकी उपलब्धि का सम्मान करते हुए सरकार हर संभव सहयोग दे रही है। उन्होंने कहा कि सामाजिक न्याय अधिकारिता अनुसूचित जाति एवं पिछड़े वर्ग कल्याण तथा अंत्योदय सेवा विभाग के माध्यम से शुरू की गई दीन दयाल लाडो लक्ष्मी योजना राज्य सरकार की एक महत्वपूर्ण योजना है, जिसके तहत प्रत्येक पात्र महिलाओं को प्रतिमाह 2100 रूपए की वित्तीय सहायता मिलेगी।



रेवाड़ी। लाडो लक्ष्मी मोबाइल एप में रजिस्ट्रेशन करातीं महिलाएं। *फोटो : हरिभूमि*

### योजना महिला सशक्तिकरण को सरकार दे रहीं प्रोत्साहनः लक्ष्मण

विधायक लक्ष्मण सिंह यादव ने कहा कि सरकार ने चुनाव के समय आम जनता से जो वायदे किए थे, उन्हें धीरे-धीरे पूरा किया जा रहा है। लाडो लक्ष्मी योजना में जिले की 68 हजार 686 महिलाएं पंजीकरण करा चुकी हैं। भविष्य में इनकी संख्या और बढेगी। उन्होंने कहा कि आज हरियाणा प्रदेश विकास की ओर तेजी से अग्रसर है और इस सार्थक कदम में हर वर्ग का ध्यान सरकार द्वारा दिया जा रहा है। परिवार पहचान पत्र के स्टेट कॉर्डिनेटर सतीश खोला ने कहा कि सरकार की योजनाएं अब लाभार्थियों के घर द्वार पर डिजिटल स्वरूप के साथ उपलब्ध हैं। उन्होंने बताया कि परिवार पहचान पत्र के माध्यम से प्रदेश के हर परिवार का डाटा सरकार के पास है और सरकार सम्बंधित लाभार्थी को डायरेक्ट बेनिफिट स्कीम के तहत सम्बंधित योजना का लाभ प्रदान कर रही है। बाल भवन में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के पंचकूला के कार्यक्रम कर लाइव प्रसारण भी दिखाया गया।

### यह होगी योजना के लिए आवश्यक पात्रता

योजना का लाभ लेने के लिए महिला की उम्र 23 वर्ष या इससे अधिक होनी चाहिए। वह कम से कम 15 वर्ष से हरियाणा की निवासी होनी चाहिए। इसके अलावा परिवार की आय एक लाख रुपए वार्षिक होनी चाहिए। तृतीय व चतुर्थ श्रेणी के कैंसर पीड़ित महिला, दुर्लभ बीमारियों से ग्रसित महिला, हीमोफीलिया, थैलेसीमिया, सिकल सेल एनीमिया से ग्रसित महिला, जो पहले से किसी अन्य सामाजिक सुरक्षा पेंशन का लाभ ले रही है, वह भी दीन दयाल लाडो लक्ष्मी योजना के लिए पात्र हैं।

# 28 को साक्षर होने के लिए 5600 देंगे उल्लास परीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

जिले में 28 सितंबर को 300 परीक्षा केंद्रों पर उल्लास परीक्षा आयोजित की जाएगी। इन परीक्षा केंद्रों पर करीब 5600 निरक्षर साक्षर होने की परीक्षा देंगे। परीक्षा पास करने वाले परीक्षार्थियों को शिक्षा विभाग सर्टिफिकेट देगा। शिक्षा विभाग के अनुसार नवभारत साक्षरता उल्लास कार्यक्रम की शुरूआत की गई थी। इसका उद्देश्य निरक्षर लोगों को शिक्षा का ज्ञान देना था।

ऐसे लोगों की पहचान करने के लिए स्कूलों के शिक्षकों ने सर्वे किया था। इसके बाद अनपढ़ लोगों को पढ़ने के लिए वॉलेंटियर तैयार किए गए थे। शिक्षकों की ओर से परिवार के ही पढ़े लिखे सदस्यों को जिम्मेदारी दी थी। उन्होंने अपने बुजुर्गों को पढ़ाना शुरू किया। उन्होंने अपने बड़ों को लिखना, पढ़ना, जमा-घटा और गिनती सिखाई। अब शिक्षा विभाग की ओर से 28 सितंबर को उल्लास परीक्षा का आयोजन किया जाएगा, जिसमें 50-50 अंक के तीन प्रश्न पूछे जाएंगे। परीक्षा 150 अंकों की होगी। परीक्षा पास करने वाले को 150 में से 50 अंक लेने होंगे। जो परीक्षा पास करेंगे, उनको शिक्षा विभाग की ओर से प्रमाण पत्र मिलेंगे।

**300 केंद्र**



उल्लास परीक्षा के लिए जिलेभर में 300 परीक्षा केंद्र बनाए
*-उल्लास कोऑर्डिनेटर रवि यादव।*

### सर्वेयर को आदेश दिए

उल्लास कोऑर्डिनेटर रवि यादव ने बताया कि शिक्षा विभाग ने सर्वेयर को आदेश दिए हैं कि वे परीक्षार्थियों को निजी तौर पर फोन करेंगे। उन्हें परीक्षा शेड्यूल के बारे में अवगत कराएंगे, हालांकि सरपंचों-पंचों व ग्राम सचिवों से संपर्क कर मुनादी कराई जा रही है। दिव्यांग परीक्षार्थियों को परीक्षा में छूट मिलेगी। वे घर पर ही प्रश्न-पत्र को हल कर सकेंगे। इसके लिए सर्वेयर की ड्यूटी लगाई गई है, जो दिव्यांग परीक्षार्थी के घर पर प्रश्न-पत्र व उत्तरपुस्तिका लेकर जाएगा।

### विद्यार्थियों ने रैली निकाल कर दिया स्वच्छता का संदेश



रैली निकाल स्वच्छता का संदेश देते विद्यार्थी।

**कोसली।** सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत फ्लाइट लेफ्टिनेंट शहीद आकाश यादव राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कोसली के छात्र-छात्राओं ने वीरवार को स्वच्छता रैली निकाल कर लोगों को सफाई रखने का संदेश दिया। इस दौरान बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के भी नारे लगाए गए। प्राचार्य दयानंद भारद्वाज के नेतृत्व में यह रैली कोर्ट रोड, बस स्टैंड रोड कोसली, मठ मंदिर, हाथी पोता मोहल्ला होते हुए वापस उद्गम स्थल पर समाप्त हुई। आयोजन में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के स्टाफ सदस्य सरला, कांता, बलवान यादव, सुनीता, उर्मिला, लता भारती, जितेंद्र, मनीराम, चंद्रप्रकाश यादव, करण सिंह, सतीश जांगड़ा, अनीता, गीता शर्मा, महेंद्र व एकता का सहयोग रहा।

### कृष्ण नगर में आयुष कैंप का आयोजन

**कोसली।** महिला एवं बाल विकास विभाग नाहड़ की ओर से कृष्ण नगर गांव में पोषण माह के अंतर्गत आयुष कैंप का आयोजन किया गया। शिविर में आयुष विभाग की चिकित्सक मोनिका द्वारा गर्भवती और दूध पिलाने वाली महिलाओं और बच्चों के स्वास्थ्य की जांच की गई। बच्चों की हाइट का माप व वेट किया गया। महिलाओं का हीमोग्लोबिन बीपी और शुगर की जांच की गई। महिला एवं बाल विकास विभाग की परियोजना अधिकारी राधा यादव द्वारा महिलाओं को अपने दैनिक आहार में हरी पत्तेदार सब्जियों, मोटे अनाजों का ज्यादा उपयोग करने की सलाह दी गई। जिला बाल संरक्षण इकाई रेवाड़ी से सोनू द्वारा छोटे बच्चों को गुड टच और बैड टच के यौन शोषण बारे में जागरूक किया गया।

# ताऊ देवीलाल को किया नमन

- जेजेपी कार्यकर्ताओं ने हर्षोल्लास से मनाई जयंती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

जेजेपी की ओर से वीरवार को भारत के पूर्व उप-प्रधानमंत्री व हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री चौ. देवीलाल की 112वीं जयंती पर बावल के गांव बालावास में ताऊ देवीलाल के प्रतिमा पर पुष्प चढ़ाकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

इस अवसर पर जिला अध्यक्ष चौ. विजय पंच, प्रदेश संयुक्त सचिव भूप सिंह रसियावास, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य बच्चू सिंह शाहपुर, प्रदेश कार्यकारिणी विशेष आमंत्रित सदस्य धर्मपाल देशवाल, रणवीर मास्टर जी बालावास, जिला अध्यक्ष महिला सुमन शर्मा, जिला अध्यक्ष किसान सेल जगदीश नेहरा प्राणपुरा, हल्का अध्यक्ष बावल उपेंद्र महलावत, जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष रणजीत नंबरदार, राष्ट्रीय महासचिव इनसो सतेंद्र झाबुआ, जिला प्रवक्ता कमल मंगलेशवर, जिला उपाध्यक्ष किशन चंद प्राणपुरा, अशोक पंच, जिला महासचिव भीम सिंह हरचंदपुर, साहिल सरपंच हरचंदपुर, जिला प्रचार सचिव हुकम सिंह देशवाल, कमलेश डाबला, राजू चौधरी बावल, चरण सिंह बखापुर व रिंकू सिंह सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



रेवाड़ी। ताऊ देवीलाल को नमन करते जेजेपी कार्यकर्ता। फोटो : हरिभूमि

# अपराधियों के झांसे में न आएं कानून का सम्मान करें

- नशा मुक्त टीम ने सेवा पखवाड़े के तहत किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज. रेवाड़ी

जिला पुलिस की नशा मुक्त टीम ने सेवा पखवाड़े के तहत वीरवार को गवर्नमेंट स्कूल गांव कन्होरी व गुरावड़ा में स्टूडेंट्स, शिक्षकों व आमजन को नशे के दुष्प्रभावों, डायल 112 व महिला-बच्चों विरुद्ध अपराधों की जानकारी देकर जागरूक किया तथा नशा न करने की शपथ भी दिलाई। इस मौके पर निरीक्षक रामपाल ने कहा कि नशा करने वाला व्यक्ति अपने साथ साथ पूरे परिवार का जीवन खराब कर देता है। इसके लिए सभी को जागरूक होना होगा।



रेवाड़ी। स्कूल में विद्यार्थियों व ग्रामीणों को शपथ दिलाते हुए पुलिस टीम।

### युवा पीढ़ी को नशे से बचाना होगा

उन्होंने कहा कि सबसे पहले युवा पीढ़ी को नशे से बचाना होगा। उन्होंने कहा कि पुलिस के इस अभियान से प्रेरित होकर जहां युवा शिक्षा और खेल गतिविधियों की ओर अग्रसर हो रहे हैं, वहीं पर अनेक नशा ग्रस्त युवकों ने नशा छोड़ने की पहल भी की है, जिनका प्रशासन की मदद से इलाज कराकर फिर से समाज की मुख्यधारा में शामिल किया जा रहा है।

### 112 पर सूचना दें

उन्होंने कहा कि नशा बेचने वालों की असली जगह जेल में है, इसलिए नशे का कारोबार करने वालों की सूचना निःसंकोच होकर मानस हेल्पलाइन नंबर 1933 या 112 नंबर पर दें, पुलिस प्रशासन की ओर से कड़ी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस टीम ने युवाओं से अपील करते हुए कहा कि युवा वर्ग अपराधियों के झांसे में न आए व कानून का सम्मान करें तथा अपराधियों से दूरी बनाए रखें, आपराधिक गतिविधियों को किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं किया जायगा। पुलिस टीम ने कहा कि महिला विरुद्ध अपराधों पर पुलिस द्वारा सख्ती से कार्रवाई की जा रही है। महिला थाना, डायल 112 व दुर्गा शक्ति एप पीड़िता की मदद के लिए है। महिलाएं कभी भी अपनी शिकायत इन पर दे सकती है।

# आलियावास में ग्रामीणों को किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज बावल

सेवा पखवाड़ा के तहत गांव आलियावास में महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से पुरुष चौपाल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सरपंच सतपाल यादव, जेई ज्ञानेश शर्मा, सचिव अभय सिंह, ग्राम पंचायत पंच, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व सहायिका सहित बड़ी संख्या में पुरुषों ने भाग लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सुपरवाइजर स्नेह लता ने की। उन्होंने ग्रामीणों को दीनदयाल योजना और लाडो लक्ष्मी योजना के बारे में जानकारी दी और अधिक से अधिक लोगों को योजनाओं का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया।



रेवाड़ी। ग्रामीणों को जानकारी देते हुए सुपरवाइजर। फोटो : हरिभूमि

### पोषण वाटिका से संबंधित जानकारी दी

सुपरवाइजर ने पोषण वाटिका से संबंधित जानकारी देते हुए कहा कि हर व्यक्ति को अपने भोजन में मौसमी फल और हरी सब्जियों का नियमित सेवन करना चाहिए। उन्होंने बताया कि संतुलित आहार और हरी सब्जियां रोगों से बचाव करती हैं और शरीर को स्वस्थ बनाए रखती हैं।

### रोटरी क्लब भिवाड़ी ने महेश्वरी सरकारी स्कूल में कराया 52 लाख का कार्य



**धारूहेड़ा।** रोटरी क्लब भिवाड़ी की ओर से वीरवार को गांव महेश्वरी के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल में करीब 52 लाख रुपये की लागत का मिड-डे मील रसोई, शौचालय, आरओ व गेट मरम्मत के कार्य को हैंडओवर किया। इस मौके पर मुख्य अतिथि अरविंद कुमार ने रोटरी क्लब की ओर से किए जा रहे धर्मार्थ कार्यों की सराहना की व छात्रों को कड़ी मेहनत करने के लिए प्रेरित किया। रोटरी क्लब के अध्यक्ष राजेश अग्रवाल ने स्कूल को आगे भी सहायता देने का आश्वासन दिया। अध्यापक संघ के प्रधान महावीर यादव ने समाज की मदद के लिए रोटरी भिवाड़ी की पहल की सराहना की। उन्होंने बताया कि रोटरी क्लब ने महेश्वरी के अलावा खटावली व ढाकिया स्कूल में भी अच्छा कार्य किया है। इस मौके पर डा. रूप सिंह, हरीश गौड़, संजय रावत, पवन, कुलदीप संदीप, डा. राकेश सोनी, सरपंच मीनाक्षी, पूर्व सरपंच करण, हवा सिंह, अध्यापक सतीश, भूप, महेन्द्र ज्योति, निर्मला व ऋतुराज मौजूद थे।

### कान्हड़वास के किसान जागरूकता शिविर

**कोसली।** गांव कान्हड़वास में सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत किसान जागरुकता कैंप लगाया गया, जिसमें किसानों को कृषि एवं किसान कल्याण विभाग, पशुपालन विभाग और बागवानी विभाग की योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई। गांव कान्हड़वास की सरपंच सीमा मुख्य अतिथि के तौर पर मौजूद रहीं। पशुपालन विभाग के डा. प्रदीप कुमार ने बताया कि हरियाणा सरकार मुर्रा नस्ल की भैंस पर दूध देने की क्षमता के अनुसार 20 से 40 हजार रुपए तक की प्रोत्साहन राशि दे रही है। इसी प्रकार हरियाणा नस्ल की गाय आठ से बारह किलो दूध दे रही है तो पशु पालक को 15 से 25 हजार रुपए तक प्रोत्साहन राशि दी जाती है।

### ट्यूबवेल कनेक्शन, एसएलसी व प्रॉपर्टी टैक्स से संबंधित शिकायतें आईं



रेवाड़ी। समाधान शिविर में समस्याएं सुनते हुए एसडीएम सुरेश कुमार।

**रेवाड़ी।** वीरवार को लघु सचिवालय सभागार में आयोजित समाधान शिविर में एसडीएम सुरेश कुमार ने सीटीएम जितेन्द्र कुमार सहित अन्य अधिकारियों के साथ जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए लोगों की समस्याएं सुनी। उन्होंने नागरिकों की समस्याओं पर सुनवाई करते हुए विभागों के अधिकारियों को तत्काल कार्रवाई करने के निर्देश दिए। समाधान शिविर में ट्यूबवेल कनेक्शन सही कराने की शिकायत पर एसडीएम ने डीएचबीवीएन के अधिकारियों को मौके पर जाकर जांच करते हुए समस्या का निदान करने के निर्देश दिए। निजी स्कूल द्वारा विद्यार्थियों की एसएलसी ने देने की शिकायत पर जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिए गए। प्रॉपर्टी टैक्स बिल सही कराने के संदर्भ में आई शिकायत पर एसडीएम ने नगर परिषद के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे प्रॉपर्टी टैक्स के बिल को सही करे। इसके अलावा समाधान शिविर में नागरिक परिवार पहचान पत्र, राशन कार्ड, आयुष्मान कार्ड, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, बिजली, पानी, सीवरेज व अवैध कब्जों से संबंधित शिकायतों का तत्काल समाधान करने के निर्देश दिए गए।

## रेलवे कॉलोनी में केके सक्सेना के निर्देशन में भव्य रामलीला का मंचन

# शिव धनुष टूटने पर क्रोधित परशुराम से लक्ष्मण ने किया संवाद

### मंथरा के बहकावे में आकर कोप भवन पहुंची कैकई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी





रेवाड़ी। ड्रामेटिक क्लब की रामलीला में लक्ष्मण-परशुराम का संवाद, पुष्प वाटिका में श्रीराम के दर्शन करती सीता।

श्री राम मंदिर रेलवे ड्रामेटिक क्लब की ओर से रेलवे कॉलोनी में केके सक्सेना के निर्देशन में भव्य रामलीला का मंचन किया जा रहा है। बुधवार रात्रि मुख्यातिथि डा. पवन गोयल ने अपने बेटे के साथ रामलीला का उद्घाटन किया। मंचन के दौरान गुरू विश्वामित्र राम व लक्ष्मण को पूजा के लिए पुष्प वाटिका से पुष्प लेने भेजते है, जहां माता सीता भी अपनी साखियों के साथ माता पार्वती के पूजन के लिए पहुंचती है, तभी प्रभु राम के दर्शन पाकर उनको नारद मुनि का वचन याद आता है कि प्रथम बार तुमको अपने पति के दर्शन पुष्प वाटिका में होंगे। राजा जनक की आज्ञा से भाट सीता स्वयंवर में घोषण करता है, जो भी शिव धनुष का भंजन करेगा, उसी से सीता का विवाह होगा। राजा जनक को काफी दुखः होता है, क्योकि कोई भी राजा धनुष को हिला भी नहीं पाता है। विश्वामित्र प्रभु राम को आज्ञा देते है कि तुम अपना पराक्रम दिखाओ। प्रभु राम धनुष को उठाकर उस पर चीला चढ़ाते है, लेकिन धनुष टूट जाता है।

### मंथरा ने मांगा राम को चौदह वर्षो का वनवास

मंथरा ने एक में राम को चौदह वर्षो का वनवास व दूसरे में भरत को राजतिलक मांगने को कहा। रानी कैकई को मंथरा की बात समझ आ जाती है और वह कोप भवन में चली जाती है। रामलीला में राम का किरदार दिवेश शर्मा, लक्ष्मण-मोहित यादव, गुरू विश्वामित्र-घनश्याम दास शर्मा, सीता-प्रिंस, जनक-राजेश शर्मा, परशुराम-महेश कौशिक, रावण-मुकेश भारद्वाज, वाणासुर-रोशनलाल, भाट-अनुज शर्मा, मंथरा-मेहरचंद, कैकई-जितेश, सखियां-एंजल, हनु शर्मा एवं युग्म शर्मा, राजा-निखिल रोहिल्या, रोहित, भगत, सागर, जगदीश शर्मा, महेश कुमार, नरेंद गोयल, नवीन व राजा पेटूमल का अभिनय उमेश शर्मा ने किया।

### भगवान परशुराम को राम कराते हैं शांत

धनुष के टूटने पर भगवान परशुराम काफी क्रोधित होते है, जिसके बाद परशुराम व लक्ष्मण के साथ गंभीर संवाद हो जाते है। प्रभु राम विनती करके उनको शांत कराते है, जिस पर परशुराम को ज्ञात हो जाता है कि राम अवतार हो गया है। जब मंथरा को पता चलता है कि राम को राजा बनाया जा रहा तो वह रानी कैकई को सावधान करती है कि राजा दशरथ से अपने दोनों वर मांग ले।

### बच्चों को पोषण पखवाड़े के तहत कार्यशाला

**रेवाड़ी।** महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से वीरवार को गांव मनेठी में पोषण पखवाड़े के तहत सैनिटाइजेशन कार्यशाला का आयोजन किया गया। विभाग की सुपरवाइजर सुजीता ने बताया कि पोषण पखवाड़े के दौरान बच्चों को किस तरह से स्वच्छ रखा जाए, इसके लिए अभिभावकों को जागरूक किया जा रहा है। वहीं बच्चों में बेहतर पोषण कैसे रहे, इसके लिए लगातार जानकारी दी जा रही है। उन्होंने कहा कि स्वच्छ शरीर होने पर बीमारियां नहीं होती और इससे शारीरिक और मानसिक विकास भी अच्छा होता है। स्वास्थ्य विभाग की ओर से सीएचओ तारचंद ने भी अभिभावकों को जानकारी दी।

**सूचना**

1. मै / हम नरेश कुमार S/O राम स्वरूप पुत्र श्री गणेशी लाल निवासी मकान न. 363/63 मोहल्ला संघी का बास (तेजपुरा) जिला रेवाड़ी हरियाणा शपथपूर्वक बयान करता / करती हूँ कि मेरे के भाई स्व० श्री राकेश कुमार पुत्र श्री राम स्वरूप पुत्र श्री गणेशी लाल निवासी मकान न. 363/63 मोहल्ला संघी का बास (तेजपुरा) जिला रेवाड़ी हरियाणा का देहांत दिनांक 24-08-2021 को हो चुका है। यह कि स्व० श्री राकेश कुमार पुत्र श्री राम स्वरूप पुत्र श्री गणेशी लाल निवासी मकान न. 363/63 मोहल्ला संघी का बास (तेजपुरा) जिला रेवाड़ी हरियाणा की माता चन्दा देवी का देहांत दिनांक 18-09-2014 को हो चुका है और अब स्व० श्री राकेश कुमार पुत्र श्री राम स्वरूप पुत्र श्री गणेशी लाल निवासी मकान न. 363/63 मोहल्ला संघी का बास (तेजपुरा) जिला रेवाड़ी हरियाणा के क़ानूनी वारसान निम्नलिखित है :- 1. श्री राजकुमार, भाई, 2. श्री राम रतन, भाई, 3. श्री नरेश कुमार, भाई, 4. श्रीमति तारो बती, बहन, 5. श्रीमति गीता देवी, बहन। यह कि उपरोक्त वारसान के अलावा स्व० श्री राकेश कुमार पुत्र श्री राम स्वरूप पुत्र श्री गणेशी लाल निवासी मकान न. 363/63 मोहल्ला संघी का बास (तेजपुरा) जिला रेवाड़ी हरियाणा के और कोई अन्य कानूनी वारसान नहीं है और यदि कोई होगा तो उसका मैं स्वयं जिम्मेवार हूंगा/हूंगी।

## खबर संक्षेप



### कृष्णा कॉलेज में फ्रेशर पार्टी का आयोजन

**जाटूसाना।** वीरवार को कृष्णा आदर्श बीएड कॉलेज में फ्रेशर पार्टी का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि सरोज यादव ने दीप प्रज्वलित करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया। सरोज यादव ने कहा कि सभी विद्यार्थियों को राष्ट्र के प्रति समर्पित रहना है। राष्ट्र बचेगा तो हम बचेंगे। अमित यादव पूर्व पार्षद ने मुख्यातिथि को हरियाणा सरकार की ओर से एमिमेंट पर्सन बनाने पर बधाई दी। सुनीता यादव डायरेक्टर ने मुख्य अतिथि का सम्मान किया। रविंद्र आशावादी ने मंच संचालन किया। इस मौके पर रविंद्र सिंह प्रिंसिपल, ओमदत्त, सतपाल यादव, जया यादव, अंजनी, मनीषा, रेखा यादव, सुशीला, पूजा देवी, प्रमिला, संगीता व प्रीतम सहित सभी स्टाफ सदस्य मौजूद थे।



### डा. अल्पना यादव लेफ्टिनेंट बनीं, किया सम्मानित

**रेवाड़ी।** अहीर महाविद्यालय से एनसीसी प्रभारी डा. अल्पना यादव ने 75 दिवसीय लेफ्टिनेंट पद के लिए आयोजित ट्रेनिंग में हिस्सा लिया। डा. अल्पना ने यह ट्रेनिंग ग्वालियर की ऑफिसर ट्रेनिंग अकादमी में एसडब्लूपीआरसीएन 112 कोर्स में भाग लेकर पूरी की, जिसमें भारतवर्ष के सभी महाविद्यालयों व विश्वविद्यालयों से महिला एनसीसी प्रभारियों ने भाग लिया। कोर्स में एनसीसी से संबंधित विषयों का अध्ययन कराया गया तथा फायरिंग, मैप, रीडिंग,आपदा प्रबंधन, सीपीआर व फर्स्ट एड की ट्रेनिंग दी गई। महाविद्यालय प्रबंधन समिति महासचिव राघवेंद्र ने लेफ्टिनेंट अल्पना यादव को इस उपलब्धि पर बधाई दी। जीवन में हमें इसी तरह सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ते रहना चाहिए।

---

हादसों के बाद भी एनएचएआई के अधिकारियों की नींद नहीं खुल रही

### बैठक में पहुंचे विधायक ने लोगों को दिया आश्वासन

# एनएचएआई का सर्विस रोड बदहाल बनीपुर चौक पर मीटिंग,जल्द समाधान

**खास बातें**
- बनीपुर चौक के पास लगातार हादसे हो रहे
- बसों का रूट डायवर्ट करने से चौक पर यात्री इंतजार करते रहते हैं


रेवाड़ी। बैठक में लोगों को संबोधित करते रामकिशन महलावत व मौजूद विधायक।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बावल

दिल्ली-जयपुर नेशनल हाइवे पर बनीपुर चौक फ्लाईओवर का अधूरा निर्माण कार्य शुरू तो हो गया है, लेकिन इसने अभी रफ्तार नहीं पकड़ी है। सर्विस रोड की जर्जर हालत को अभी तक ठीक नहीं कराया गया है, जिससे हादसों की आशंका लगातार बढ़ रही है। हाल में इस रोड पर कई हादसे हो चुके हैं।

सर्विस रोड की मरम्मत कराने की मांग को लेकर वीरवार को भाकियू राकेश टिकैत ग्रुप की ओर से एक बैठक की गई। बैठक में बावल के एमएलए ने पहुंचकर आश्वासन दिया कि सर्विस रोड का निर्माण जल्द कराने के लिए अधिकारियों से बात की जाएगी।

भाकियू के नेता रामकिशन महलावत की अध्यक्षता में चौक पर मीटिंग का आयोजन किया गया। इसमें वक्ताओं ने कहा कि फ्लाईओवर का निर्माण कार्य शुरू हो गया है, जो अच्छी बात है। एनएचएआई की ओर से सर्विस रोड का निर्माण अभी तक नहीं कराया गया है।

इससे बनीपुर चौक के पास लगातार हादसे हो रहे हैं। बीते कुछ दिनों में ही दो बड़े हादसे हो चुके हैं। टूटे हुए सर्विस रोड के कारण इस चौक पर आमतौर पर जाम लगा रहता है, जिससे वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ट्रांसपोर्टरों के वाहन समय पर नहीं पहुंच पा रहे हैं। बसों का रूट डायवर्ट करने से चौक पर यात्री इंतजार करते रहते हैं।

जयपुर जाने वाले यात्रियों का रेवाड़ी से निकलने वाली रोडवेज बसों का फायदा नहीं मिलता। इन बसों को वाया भाड़ावास रोड निकाला जाता है, जिससे बनीपुर चौक पर यात्री इंतजार करते रहते हैं। किसान नेताओं ने चेतावनी दी कि अगर जल्द सर्विस रोड की हालत ठीक नहीं कराई गई, तो वह आंदोलन की आगामी रणनीति पर जल्द रणनीति तैयार करेंगे। बैठक में रणधीर सिंह ढिल्लो, पवन कुमार, रामफल, महेंद्र सिंह व महेंद्र ककरावत सहित बड़ी संख्या में लोगों ने हिस्सा लिया।

**निगम के अधिकारियों से करेंगे बात**

*किसान नेताओं की मीटिंग के बाद बावल के एमएलए ने उनके बीच जाकर बातचीत की। उन्होंने बताया कि फ्लाईओवर का निर्माण जल्द कराने के प्रयास किए जा रहे हैं। नेशनल हाइवे के एक ओर एचएसआईआईडीसी का भी सर्विस रोड है। इस रोड का निर्माण कराने के लिए अधिकारियों से बात की जाएगी। जब यह रोड ठीक हो जाएगा, तो एनएच के सर्विस रोड पर यातायात का दबाव कम हो जाएगा।*

**टूटे रोड से लगातार हो रहे हादसे**

*इस समय नेशनल हाइवे का सर्विस रोड बुरी तरह टूटा हुआ है। एचएसआईआईडीसी का सर्विस रोड भी बदहाल हो गया है। टूटे रोड के कारण बीते दिनों एक केमिकल से भरा टैंकर पलटने से लगी आग में कार सवार दो लोग जिंदा जल गए थे। एक बाइक सवार युवक की ट्रॉले की चपेट में आने से जान चली गई थी। हादसों के बाद भी एनएचएआई के अधिकारियों की नींद नहीं खुल रही है।*

---


रेवाड़ी। घंटेश्वर मंदिर की रामलीला में सीता स्वयंवर का दृश्य। फोटो :हरिभूमि

स्वयंवर के लिए मिथिलापुरी पहुंचे श्रीराम

## शिव धनुष तोड़ सीता से रचाया विवाह

- लीला का शुभारंभ ओम प्रकाश यादव ने किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ रेवाड़ी

श्री घंटेश्वर महादेव मंदिर के प्रांगण में चल रही आदर्श रामलीला के मंच पर बुधवार रात्रि अयोध्या से श्रीराम व लक्ष्मण को गुरु विश्वामित्र की ओर से शिक्षा के लिए वन में ले जाने, ताड़क वन में राक्षसी ताड़का सहित अन्य असुरों का वध व मिथिला के राजा जनक की ओर से भेजे गए सीता स्वयंवर के निमंत्रण पर श्रीराम और लक्ष्मण को लेकर ऋषि विश्वामित्र मिथिलापुरी जाते हैं। स्वयंवर में अनेक राज्यों के राजाओं और राजकुमारों की ओर से शिव धनुष तोड़ने में असमर्थ रहने पर, ऋषि विश्वामित्र की आज्ञा पाकर श्रीराम शिव धनुष तोड़ देते हैं और सीता से विवाह रचाते हैं। रावण की स्वयंवर में उपस्थिति और लक्ष्मण-परशुराम के बीच रोमांचक संवाद रामलीला का आकर्षण थे। लीला का शुभारंभ ओम प्रकाश यादव गोकलगढ़ वाले के सुपुत्र संजीव यादव ने किया। प्रधान अनुकूल शर्मा व सुभाष गुप्ता सहित कार्यकारिणी सदस्यों ने अतिथियों का स्वागत किया। सचिव याद के सुगंध ने मंच संचालन किया। रामलीला में विजय पंवार ने दशरथ, ललित सैनी ने राम, हिमांशु गुप्ता ने लक्ष्मण, रूपेश गुप्ता ने सीता, कर्ण गुप्ता ने जनक, जय भूषण शर्मा ने ताड़का व अमित कश्यप ने परशुराम का जीवंत अभिनय किया। रामलीला के मंचन में श्याम गुप्ता, रमेश वशिष्ठ, सुरेश सेन, राजेश पंवार, महेश शर्मा पटवारी, विकास गुप्ता, भारत गुप्ता, श्रीपति सिंह शेखावत व मनीष ने सहयोग दिया।

---

# अनाजमंडी की रामलीला में छोटे राम लक्ष्मण ने किया राक्षसी ताड़का का वध

हरिभूमि न्यूज ⏭ रेवाड़ी

- सीता जन्म व राम-लक्ष्मण-भरत-शत्रुघन के जन्म पर खुशियां मनाई

नई अनाजमंडी में श्री शिव रामलीला समिति की ओर से चल रही रामलीला में दूसरे दिन रावण अत्याचार व सीता-राम जन्म से लेकर ताड़का वध तक की लीला का मंचन किया गया। लीला का शुभारंभ मुख्यातिथि जितिन अग्रवाल पूर्व चैयरमेन मुंसिपल कमेटी अटेलीमंडी ने किया। सीता जन्म व राम-लक्ष्मण-भरत-शत्रुघन के जन्म पर खुशियां मनाई गई। रामलीला समिति के महासचिव व मार्केट कमेटी के वाइस चेयरमैन दीपक मंगला ने बताया कि रामलीला के प्रधान नवल किशोर गुप्ता की अध्यक्षता में दूसरे दिन की रामलीला में रावण का अभिनय संजीव वशिष्ठ, विभिषण बीडी अग्रवाल, मंत्री नरेन्द्र रामपुरा, भरतलाल, जेपी पंडित, विनोद रामपुरा, अनिल रामपुरा, साधु मुकेश चावरिया, नवीन लेखरा, राजेश वर्मा, मेघनाद संजय सोनी, किसान डा. श्याम बिहारी, जनक श्रीकिशन, मंत्री मनोज गुप्ता, रानी हर्श गुप्ता, गुरू राजेश वर्मा, दशरथ कपिलचन्द शर्मा, गुरू वशिष्ठ प्रकाश सैनी, मंत्री उज्जवल, एकांश, मनोज गुप्ता, पंकज ,नितिन गुप्ता, ऋंगि पंडित दपिल शास्त्री, दासी सोमेश अनेक कलाकारों ने अभिनय किया।


रेवाड़ी। अनाजमंडी में रामलीला का मंचन करते कलाकार। फोटो : हरिभूमि

**इन लोगों का रहा रामलीला में सहयोग**

*रामलीला के आयोजन में मुख्य संरक्षक लक्ष्मण सिंह यादव विधायक, राकेश कुमार पाल्हावासिया व नरेश मित्तल, संरक्षक राधेश्याम मित्तल व सुरेश गर्ग, संरक्षक मनोज डहीना वाले, उपप्रधान अनिल गोयल, हरकेश यादव, सचिव राकेश गोयल व मंच प्रबंधक राजीव बंसल, स्टेज प्रबंधक पारस मित्तल, हाउस इंचार्ज लक्ष्मी नारायण, स्टेज प्रबंधक सन्नी गोयल, हाउस इंचार्ज मुकेश कुमार, सहसचिव राजेन्द्र अर्जीनविश, स्टेज मैनेजर विनयशील गोयल, प्रेस सचिव एडवोकेट नितेश अग्रवाल व अमित शर्मा, पंडाल व्यवस्था विष्णु गुप्ता व रिशू यादव, जनरल मैनेजर जतिन अग्रवाल पूर्व चैयरमेन, सचिव रमेश गेरा, स्टेज इंचार्ज मुकेश भट्टेवाला, सहसचिव छोटेलाल यादव, कोषाध्यक्ष महेन्द्र सीहा वाले व गिरिश सिंघला, सहकोषाध्यक्ष राजेन्द्र मित्तल व शिवचरण गुप्ता, रिहर्सल इंचार्ज संजय अग्रवाल, पंडाल व्यवस्था विजय गर्ग, जगदीश सिराधना, संदीप यादव, हितेश गुप्ता व पारस गेरा का सहयोग रहा।*

---

## आईजीयू में मनाया एनएसएस स्थापना दिवस

**खास बातें**
- प्रात: कालीन सत्र में स्वच्छता अभियान आयोजित किया गया
- कुलसचिव प्रोफेसर दिलबाग सिंह ने समाज में एनएसएस और स्वयंसेवकों के योगदान पर प्रकाश डाला


रेवाड़ी। कार्यक्रम में मौजूद शिक्षक व एनएसएस स्वयंसेवक। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ⏭ रेवाड़ी

इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय मीरपुर में राष्ट्रीय सेवा योजना का स्थापना दिवस उत्साह और गरिमा के साथ मनाया गया। इस अवसर पर प्रातः कालीन सत्र में स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया, जिसमें एनएसएस स्वयंसेवकों ने विश्वविद्यालय परिसर में साफ-सफाई कर समाज को स्वच्छता का संदेश दिया। तत्पश्चात कल्पना चावला सभागार में ओरिएंटेशन कार्यक्रम आयोजित हुआ, जिसमें विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रोफेसर दिलबाग सिंह एवं अधिष्ठाता छात्र कल्याण विभाग प्रोफेसर करण सिंह विशिष्ट अतिथि के तौर पर उपस्थित रहे। कुलसचिव प्रोफेसर दिलबाग सिंह ने समाज में एनएसएस और स्वयंसेवकों के योगदान पर प्रकाश डाला। एनएसएस केवल एक कार्यक्रम नहीं है, बल्कि यह छात्रों में सेवा-भावना, अनुशासन और जिम्मेदारी की भावना का विकास करने का एक सशक्त माध्यम है। अधिष्ठाता छात्र कल्याण विभाग प्रोफेसर करण सिंह ने कहा कि यह योजना विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास तथा समाज सेवा के उत्थान में अत्यंत सहायक है। विभिन्न शिविरों एवं गतिविधियों जैसे वृक्षारोपण, स्वास्थ्य एवं स्वच्छता जागरूकता, साक्षरता अभियान तथा रक्तदान शिविरके महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि इनसे समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने का मार्ग प्रशस्त होता है।

---

## सीहा स्कूल में सेवा पखवाड़े के तहत तीन दिवसीय हेल्थ चेकअप कैंप का शुभारंभ

**रेवाड़ी।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सीहा में शिवालिक सदन की देखरेख में तीन दिवसीय हेल्थ चेकअप कैंप की शुरूआत की गई। विद्यालय में सेवा पखवाड़े के अंतर्गत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। विद्यालय के स्टाफ सचिव दिनेश कुमार ने बताया कि तीन दिवसीय कैंप में विद्यालय के सभी विद्यार्थियों का हेल्थ चेकअप किया जाएगा। आयुष विभाग के मेडिकल ऑफिसर डा. नंदकिशोर तथा डा. बिंदु यादव के नेतृत्व में वीरवार को कैंप की शुरूआत की गई, जिसमें फार्मासिस्ट निशु कुमार तथा एएनएम राजबाला ने सहयोग दिया। कैंप की शुरूआत पौधारोपण करके की गई। प्राचार्य सत्यवीर नाहड़िया के मार्गदर्शन में विद्यालय में स्वास्थ्य शिविर के अलावा, स्वच्छता रैली, निबंध प्रतियोगिता प्रश्नोत्तरी, पीपीटी व बाल संसद आदि कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है तथा 27 सितंबर को विद्यालय के चयनित छात्र-छात्राएं ऐतिहासिक धरोहरों की शैक्षणिक भ्रमण पर जाएंगे। विद्यालय में खेल नर्सरी की ओर से कोच संदीप कुमार की देखरेख में स्वच्छता एवं सौंदर्यकरण अभियान भी शुरू किया गया है। ग्राम पंचायत, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, सीहा तथा डहीना पुलिस चौकी की ओर से भी सेवा पखवाड़े के अंतर्गत विद्यालय में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। प्राचार्य ने बताया कि समापन सत्र पर नशा मुक्ति तथा पर्यावरण को समर्पित कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा।


रेवाड़ी। सीहा स्कूल में पौधरोपण करते हुए डॉक्टर्स, प्राचार्य व स्टाफ। फोटो :हरिभूमि

### यशपाल बने हरियाणा परिवहन कर्मचारी संघ के प्रधान

**रेवाड़ी।** भारतीय मजदूर संघ-1342 से संबंधित हरियाणा परिवहन कर्मचारी संघ की बैठक रोडवेज वर्कशॉप में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष कृष्ण नौहरा ने की व मंच का संचालन प्रदेश मंत्री अमित महाराणा ने किया। इस मौके पर प्रदेश सलाहकार अजीत छोंकर व प्रदेश कोषाध्यक्ष संजीव ने कर्मचारियों को संबोधित किया। भारतीय मजदूर संघ के गीत के साथ जिला महामंत्री राजबाला ने बैठक की शुरूआत की। इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष कृष्ण नौहरा ने कर्मचारियों को गत एक सितंबर को एसीएस परिवहन के साथ हुई वार्ता की जानकारी दी। उन्होंने बताया कर्मचारियों की मानी गई मांगों को जल्द ही लागू कराया जाएगा और जो भी मांगे एफडी में पेंडिंग हैं, उनको भी बातचीत कर जल्द ही लागू कराने का काम किया जाएगा। इस मौके पर हरियाणा परिवहन कर्मचारी संघ की पुरानी कार्यकारिणी को भंग करके नई कार्यकारिणी का गठन किया गया, जिसमें यशपाल यादव को प्रधान, सतपाल डहीना को सचिव, कपिल को वरिष्ठ उप प्रधान, जितेन्द्र पावटी व सुदेश शाहपुर को उप प्रधान, पवन कुमार व प्रवीण कुमार को सह सचिव, होशियार सिंह को कोषाध्यक्ष, अमित सिगड़ा को मुख्य सलाहाकार, कुलदीप खड़गवास को सलाहाकार तथा राजेंद्र सरपंच को प्रेस प्रवक्ता नियुक्त किया गया।

---

# गवर्नमेंट कॉलेज बावल में प्रतिभा खोज कार्यक्रम आयोजित, विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बावल

राजकीय महाविद्यालय बावल में आईक्यूएसी यानि आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन सेल की ओर से प्रतिभा खोज कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य कॉलेज के विद्यार्थियों में छिपी हुई प्रतिभाओं को पहचानना और उन्हें प्रोत्साहित करना था। कॉलेज के कार्यवाहक प्राचार्य डॉ. इंद्रजीत सिंह व सांस्कृतिक प्रकोष्ठ की संयोजक डा. रेखा ने छात्रों को अपनी प्रतिभा को विकसित करने और आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम छात्रों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। मंच संचालन डा. किरण शर्मा ने किया तथा निर्णायक मंडल की भूमिका मनीष कुमार, उषा कुमारी व सुदेश देवी ने निभाई।


रेवाड़ी। कार्यक्रम के विजेता प्रतिभागी शिक्षकों के साथ। फोटो : हरिभूमि

**कार्यक्रम में विभिन्न प्रतियोगिताओं के परिणाम घोषित**

कार्यक्रम में पहले दिन मेहंदी प्रतियोगिता में खामोश तृतीय वर्ष ने प्रथम, टीना अंतिम वर्ष ने द्वितीय तथा लक्ष्मी बाई व मंजू प्रथम वर्ष ने तृतीय स्थान, रंगोली में अर्चना प्रथम व संतोष ने द्वितीय स्थान, ऑन द स्पॉट पेंटिंग में संतोष प्रथम व नेहा ने द्वितीय स्थान, कार्टूनिंग में नमन ने प्रथम व पुनीत बीकॉम प्रथम वर्ष ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। दूसरे दिन के कार्यक्रम में सोलो गायन में नमन ने प्रथम व भावना ने द्वितीय स्थान, सामूहिक नृत्य में मीनाक्षी-हिमांशी ने प्रथम व चिराग-मेघा ने द्वितीय स्थान, सोलो नृत्य में मोनिका ने प्रथम, मयंक ने द्वितीय तथा अंजू व प्रिया ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर डा. नीतू सिंह, डा. नीरू यादव, डा. बबिता यादव, सुरेंद्र शास्त्री, डा. निशा, विवेक भारती, रेखा चोपड़ा व देवेंद्र उपस्थित थे।

---

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
रेवाड़ी कार्यालय : दुकान नंबर 67, दुर्गा मार्केट, सेक्टर-1 वाला कच्चा रास्ता, नजदीक महाराणा प्रताप चौक, बावल रोड, रेवाड़ी सम्पर्क करें: 8053076211, 8295738500, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।
हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5 X 8 सें.मी<br>10X 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 1500/-<br>रु. 2000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज़ पर मान्य। अन्य किसी साईज़ के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
रेवाड़ी : दुकान नंबर 67, दुर्गा मार्केट, नजदीक महाराणा प्रताप चौक, बावल रोड, रेवाड़ी फोन : 9653537253, 9671434260

---

### यादव कल्याण सभा का फ्री चिकित्सा शिविर व मासिक बैठक 28 को

**रेवाड़ी।** यादव कल्याण सभा की ओर से 28 सितंबर को गढ़ी बोलनी रोड स्थित श्री कृष्ण भवन में सुबह 9 से 11 बजे तक फ्री चिकित्सा शिविर आयोजित किया जाएगा, जिसमे मरीजों को ओपीडी सेवाऐ व फ्री दवाईयां प्रदान की जाएंगी। यादव सभा प्रवक्ता प्रो. सतीश यादव ने बताया कि शिविर में डा. तरुण यादव गुर्दारोग विशेषज्ञ मेडिसिन, डा. सिद्धार्थ यादव हड्डीरोग, डा. सुनील यादव सर्जरी, डा. अजीत यादव बालरोग, डा. अजीत सिंह यादव चर्मरोग व डा. निशा यादव नेत्ररोग में ओपीडी सेवाएं प्रदान करेंगे। इसके अलावा लेफ्टिनेंट पूर्ण सिंह यादव फिजियोथेरेपी की सेवाएं देंगे। प्रवक्ता ने बताया कि कैंप के बाद यादव सभा की मासिक बैठक प्रधान रामबीर यादव की अध्यक्षता व महंत लाल दास महाराज मुख्य संरक्षक के सानिध्य में आयोजित की जाएगी। सभा के एजेंडे में मासिक गतिविधियों के अलावा आय-व्यय का ब्योरा पेश किया जाएगा।

---

### मां कुष्मांडा की उपासना से भक्तों के समस्त रोग-दोष मिट जाते हैं

जब सृष्टि का अस्तित्व नहीं था, तब इन्हीं देवी ने ब्रह्मांड की रचना की थी

# मां भगवती के चौथे स्वरूप मां कुष्मांडा की हुई पूजा, महिलाओं ने भजनों से किया गुणगान

हरिभूमि न्यूज ⏭ रेवाड़ी

शारदीय नवरात्र-पूजन के चौथे दिन वीरवार को मां भगवती के चौथे स्परूप मां कुष्मांडा देवी की पूजा की गई। नवरात्रों पर शहर के बारा हजारी स्थित प्राचीन दुर्गा माता मंदिर, धारूहेड़ा चुंगी स्थित काली माता मंदिर, बड़ा तालाब स्थित मंसा माता मंदिर, नई बस्ती स्थित मंसा देवी मंदिर, सेक्टर-3 स्थित माता मंदिर, बारा पत्थर स्थित कालीमाता मंदिर, आर्य समाज रोड स्थित दुर्गामाता मंदिर सहित सभी मंदिरों में माता के अनुष्ठान किए जा रहे है। महिला मंडली की ओर से सत्संग करके माता की महिमा का गुणगान किया जा रहा है। धार्मिक ग्रंथों में उल्लेख है कि चौथे नवरात्रे में साधक का मन अदाहत चक्र में अवस्थित होता है। इस दिन उसे अत्यंत पवित्र और चंचल मन से कुष्मांडा देवी के स्वरूप को ध्यान में रखकर पूजा-उपासना के कार्य में लगना चाहिए। जब सृष्टि का अस्तित्व नहीं था, तब इन्हीं देवी ने ब्रह्मांड की रचना की थी। अतः यह ही सृष्टि की आदि-स्वरूपा, आदिशक्ति हैं। यह अष्टभुजा देवी के नाम से भी विख्यात हैं। इनके सात हाथों में क्रमशः कमंडल, धनुष, बाण, कमल-पुष्प, अमृतपूर्ण कलश, चक्र तथा गदा है। आठवें हाथ में सभी सिद्धियों और निधियों को देने वाली जप माला है। मां का वाहन सिंह है। मां कुष्मांडा की उपासना से भक्तों के समस्त रोग-दोष मिट जाते हैं। इनकी भक्ति से आयु, यश, बल और आरोग्य की वृद्धि होती है। मां कुष्मांडा अत्यंत सेवा और भक्ति से प्रसन्न होने वाली हैं।

धार्मिक ग्रंथों में उल्लेख है कि चौथे नवरात्रे में साधक का मन अदाहत चक्र में अवस्थित होता है

सजी माता की भव्य प्रतिमा


दुर्गा माता मंदिर में भजन-कीर्तन करते हुए महिला मंडल


**आज होगी मां स्कंदमाता की अराधना**

शारदीय नवरात्र में मां दुर्गा के 5वें स्वरूप को मां स्कंदमाता के नाम से जाना जाता है। 26 सितंबर शुक्रवार को श्रद्धालु मां स्कंदमाता की आराधना करेंगे। मां के इस स्वरूप की पूजा करने से मोक्ष की प्राप्ति होती है। मां भक्तों के सारे दोष और पाप दूर कर देती है। मां अपने भक्तों की समस्त इच्छाओं की पूर्ति करती हैं। भगवान स्कंद कुमार कार्तिकेय नाम से भी जाने जाते हैं। यह प्रसिद्ध देवासुर संग्राम में देवताओं के सेनापति बने थे। पुराणों में इन्हें कुमार और शक्ति कहकर इनकी महिमा का वर्णन किया गया है। इन्हीं भगवान स्कंद की माता होने के कारण मां दुर्गा जी के इस स्वरूप को स्कंदमाता के नाम से जाना जाता है। स्कंदमाता की 4 भुजाएं हैं। इनके दाहिनी तरफ की नीचे वाली भुजा, जो ऊपर की ओर उठी हुई है, उसमें कमल पुष्प है। बाईं तरफ की ऊपर वाली भुजा में वरमुद्रा में तथा नीचे वाली भुजा जो ऊपर की ओर उठी है, उसमें भी कमल पुष्प ली हुई हैं। यह कमल के आसन पर विराजमान रहती हैं। इसी कारण इन्हें पद्मासना देवी भी कहा जाता है। सिंह भी इनका वाहन है। स्कंद माता को पार्वती एवं उमा के नाम से भी जाना जाता है। अलसी औषधि से वात, पित, कफ जैसी मौसमी रोग का इलाज होता है। इस औषधि को नवरात्रि में माता स्कंदमाता को चढ़ाने से मौसमी बीमारियां नहीं होती है।